# नव्या पहल

**[स्रोत: पी.आई.बी.]**

भारत सरकार ने 16 से 18 वर्ष की किशोरियों को कक्षा 10 की न्यूनतम योग्यता के साथ मुख्य रूप से गैर-पारंपरिक नौकरी की भूमिकाओं में व्यावसायिक प्रशिक्षण मुहैया कराने के लिये नव्या (युवा किशोरियों के लिये व्यावसायिक प्रशिक्षण के ज़रिये आकांक्षाओं का पोषण) योजना शुरू की है।

- **परिचय:** यह **महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (MWCD)** और **कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (MSDE)** की एक **संयुक्त पायलट पहल** है।
- **कवरेज:** इसमें **19 राज्यों के 27 ज़िले**, जिनमें **आकांक्षी ज़िले** और **उत्तर-पूर्वी क्षेत्र** के ज़िले भी शामिल हैं।
- **समन्वय:** यह योजना **प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (PMKVY)** और **प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना** जैसी योजनाओं का लाभ उठाते हुए मंत्रालयों के बीच समन्वय को औपचारिक रूप प्रदान करती है।
- **महत्त्व:** यह योजना **विकसित भारत@2047** दृष्टि के अनुरूप है तथा **महिला-नेतृत्व विकास** को बढ़ावा देती है। यह एक **कुशल**, **आत्मनिर्भर** और **समावेशी कार्यबल** के निर्माण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करती है तथा युवा किशोरियों को **सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन** की वाहक के रूप में स्थापित करती है।

## भारत में किशोरियों के लिये अन्य पहल

- बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (BBBP)
- महिला शक्ति केंद्र (MSK)
- सुकन्या समृद्धि योजना (SSY)
- निर्भया फंड फ्रेमवर्क
- वन स्टॉप सेंटर (OSC)
- संविधान (106वाँ संशोधन) अधिनियम, 2023

**और पढ़ें:** किशोरियों पर WHO का अध्ययन

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/navya-initiative